लाडो प्रोत्साहन योजना के
अंतर्गत बालिका के जन्म पर
₹2 लाख
के सेविंग बांड
से वित्तीय सहायता
/BJP4Rajasthan

शिक्षा व्यवस्था

- हम **लाडो प्रोत्साहन योजना** के अंतर्गत ईडब्ल्यूएस, पिछड़े एससी और एसटी वर्ग के परिवारों को बालिका के जन्म पर सेविंग बांड प्रदान करेंगे, जिससे प्रत्येक लाडो को मिलेगा:
  - कक्षा 6 में ₹6,000
  - कक्षा 9 में ₹8,000
  - कक्षा 10 में ₹10,000
  - कक्षा 11 में ₹12,000
  - कक्षा 12 में ₹14,000
  - व्यावसायिक पाठ्यक्रम के पहले एवं अंतिम वर्ष में ₹50,000
  - 21 वर्ष की उम्र में ₹1 लाख की मुश्त राशि
- हम प्रदेश की **सभी गरीब परिवार की छात्राओं को केजी से पीजी तक मुफ्त** गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करेंगे।
- हम सभी **सरकारी विज्ञान, प्रौद्योगिकी और इंजीनियरिंग संस्थानों** में छात्राओं के लिए सीटें आरक्षित करेंगे।
- हम प्रदेश का **पहला बालिका सैनिक स्कूल** स्थापित करेंगे, जिसके अंतर्गत बालिकाओं को सशस्त्र बल एवं पुलिस बल में शामिल होने के लिए प्रोत्साहित करेंगे।
- हम **मुख्यमंत्री फ्री स्कूटी योजना** शुरू करेंगे, जिसके अंतर्गत कक्षा 12वीं पास करने वाली मेधावी छात्राओं को स्कूटी प्रदान करेंगे।
- हम प्रत्येक जिले में **सावित्रीबाई फुले छात्रावास** स्थापित करेंगे एवं मौजूदा छात्रावासों का नवीनीकरण करेंगे।

महिला प्रेरित विकास

- हम **महिलाओं के लिए सभी लंबित रिक्तियों** को प्राथमिकता से भरेंगे एवं **शिक्षक भर्ती में महिलाओं के लिए आरक्षण को** 50% तक बढ़ाएंगे।
- हम **₹1,000 करोड़** के निवेश के साथ **महिला सशक्तिकरण एसएचजी मिशन** शुरू करेंगे, जिसके अंतर्गत अगले पांच वर्षों में **2 लाख नए महिला एसएचजी** बनाएंगे और उन्हें सरल ऋण सुविधाएं एवं मार्केट लिन्केज की सुविधा प्रदान करेंगे।
- हम एसएचजी में काम करने वाली लगभग **28 लाख महिलाओं** को **महिला सशक्तिकरण क्रेडिट कार्ड योजना** के माध्यम से न्यूनतम दर पर **₹1 लाख** तक का ऋण उपलब्ध कराएंगे।
- हम **लखपति दीदी योजना** शुरू करेंगे, जिसके अंतर्गत **6 लाख से ज्यादा**